नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 253/2021
Dt- 28-7-2021

प्रिय संतोष जी,

विषयः— **मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर में "जल जीवन हरियाली योजना" अन्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के "बड़की तालाब" एवं लखनौर प्रखंड के "जानो मानो" तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में मैंने तत्कालीन जिला पदाधिकारी, मधुबनी को एक पत्र के माध्यम से उपरोक्त योजना को "जल जीवन हरियाली योजना" के अन्तर्गत झंझारपुर प्रखण्ड के चनौरागंज पंचायत अन्तर्गत अवस्थित "बड़की तालाब" एवं लखनौर प्रखण्ड के कछुआ पंचायत अन्तर्गत "जानो मानो" तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण से संबंधित पत्र लिखा था। मेरे पत्र के आलोक में जिला पदाधिकारी मधुबनी द्वारा अपने कार्यालय ज्ञापांक 2634/जि0गो0, दिनांक 28.12.2020 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी को उपरोक्त तालाबों के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कराने के लिए समुचित कार्रवाई करने हेतु लिखा गया है।**(पत्र संलग्न)**

उक्त दोनों तालाबों के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के संबंध में मैंने सचिव, लघु जल संसाधन विभाग को पत्रांक– 24/2021 दिनांक–07.01.2021 के माध्यम से प्रेषित किया था।**(पत्र संलग्न)**

विगत 7 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक इसे कार्यान्वित करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई नहीं किया जा सका है।

अतः अनुरोध है कि जनहित में जल जीवन हरियाली योजना के अंतर्गत उक्त तालाबों के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के कार्य को प्राथमिकता देते हुए कराने हेतु कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
28.7.21
(नीतीश मिश्रा)

संलग्न–पत्रांक 24/2021 दिनांक 07.01.2021 के पत्र की छायाप्रति।
जिला पदाधिकारी, मधुबनी के दिनांक 28.12.2020 के पत्र की छायाप्रति।

सेवा में,
श्री संतोष कुमार सुमन जी,
माननीय मंत्री,
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in